हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

06 टोंककला पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट...



09 तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने चार बाइकों को रौंदा...




## खबर संक्षेप

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### बहनों के खाते में 35 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले की 2,40,252 बहनों के खातों में 35 करोड़ 38 लाख 59 हजार 900 रूपये की राशि अंतरित की।

### रोजगार मेले में हुआ 329 आवेदकों का प्राथमिक चयन

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर के महिला आईटीआई में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 360 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिया गया। मेले में 13 कंपनियों द्वारा 329 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को 3,75,000 रूपये का ऋण का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया।

### शिविर लगाकर किया गया 929 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

# आसमान से बरस रही आग, जमीन तपी तो पेड़ों पर चढ़े मुर्गे, परिंदों की थमी उड़ान, गर्मी से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूरज के तीखे तेवर और भीषण लू ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गर्मी का आलम यह है कि अब केवल इंसान ही नहीं, बल्कि बेजुबान पक्षी और पशु भी बुरी तरह हलाकान हैं। मंगलवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे जमीन भट्टी की तरह तप रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जमीन पर दाना चुगने वाले मुर्गे-मुर्गियां अब तपिश से बचने के लिए पेड़ों को अपना आशियाना बना रहे हैं।

बता दें गर्मी की वजह से प्रकृति में भी बदलाव दिखने लगा है। शहर की वाल्मीकि कॉलोनी में एक हैरान कर देने वाला दृश्य देखने को मिला, जहां मुर्गे जमीन पर दाना चुगने के बजाय पेड़ों की शाखाओं पर आराम फरमाते नजर आए। आमतौर पर जमीन पर रहने वाले ये पक्षी अब नीचे की तपती मिट्टी को सहन नहीं कर पा रहे हैं। धूप से बचने के लिए उन्होंने पेड़ों की घनी छांव में अपना ठिकाना बना लिया है ताकि जानलेवा लू के थपेड़ों से बच सकें।



### आसमान हुआ वीरान, परिंदों की थमी उड़ान

जो आसमान शाम के वक्त पक्षियों के झुंड और उनके कलरव से गुलजार रहता था, वह अब पूरी तरह वीरान पड़ा है। चिलचिलाती धूप ने परिंदों की चहचहाहट छीन ली है। लू और गर्मी के डर से पक्षियों ने उड़ान भरना कम कर दिया है और दिनभर घोंसलों या घने पेड़ों में दुबके रहते हैं। केवल पक्षी ही नहीं सडक़ों पर घूमने वाले श्वान भी अब नजर नहीं आ रहे हैं, वे भी गाडिय़ों के नीचे या गीली मिट्टी वाली ठंडी जगहों पर शरण ले रहे हैं।

### सडक़ों पर पसरा सन्नाटा, 42 डिग्री पर पहुंचा पारा

मंगलवार को शहर का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर होते ही सडक़ों पर कफ्र्यू जैसा सन्नाटा पसर जाता है। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और भी तीखे होंगे और पारा और ऊपर चढ़ सकता है।

### स्वास्थ्य विभाग की सलाह, दोपहर में निकलने से बचें

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। घर से निकलते समय सिर और कान को सूती कपड़े से ढंककर रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें, ओआरएस, नींबू पानी और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि लू का असर उन पर जल्दी होता है।

## भोपाल के रीजनल अर्बन ट्रांसपोर्ट जोन में शामिल हुआ सीहोर

# अब सीहोर से भी चलेगी लाल बस, 26 रूटों पर सिटी बस सेवा का विस्तार

नई व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ बस ऑपरेटरों को मिलेगा, टैक्स छूट से सस्ता होगा सफर, छात्रों और नौकरीपेशा को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर और आसपास के क्षेत्रों से राजधानी भोपाल की ओर रुख करने वाले हजारों यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। परिवहन विभाग ने सिटी बस सेवा के विस्तार के लिए नई अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत अब भोपाल को केवल नगर निगम सीमा तक सीमित न रखकर एक बड़े रीजनल अर्बन ट्रांसपोर्ट जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें सीहोर जिले के महत्वपूर्ण मार्गों को भी शामिल किया गया है।

### कानून में बदलाव से मिली नई पहचान

दरअसल जनवरी 2026 में मध्य प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम में बड़ा संशोधन किया गया था। इसमें सिटी रूट शब्द को हटाकर अर्बन रूट किया गया और पहली बार सब-अर्बन यानी उपनगरीय क्षेत्रों को भी इसमें जोड़ा गया। इसी बदलाव के कारण अब सीहोर, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज और रातापानी जैसे इलाके भोपाल के अर्बन ट्रांसपोर्ट नेटवर्क का हिस्सा बन गए हैं।



फाइल फोटो

### यह होगा फायदा

कनेक्टिविटी: सीहोर से भोपाल के उपनगरीय इलाकों जैसे कटारा, मिसरोद, मंडीदीप तक सीधी बस सेवा मिलेगी।
सस्ता सफर: टैक्स कम होने से निजी बस ऑपरेटरों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को बेहतर और सस्ती सुविधा मिल सकेगी।
रोजगार और शिक्षा: सीहोर से प्रतिदिन भोपाल काम पर जाने वाले कर्मचारियों और पढने जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आवागमन सुरक्षित और सुलभ होगा।

### इन मार्गों को मिली सौगात

राजपत्र में अधिसूचित 26 मार्गों में सीहोर जिले से जुड़े कई प्रमुख रूट शामिल हैं। अब शहरी बस सेवा का विस्तार इन क्षेत्रों तक होगा...

- सीहोर से कटारा बाईपास तिराहा।
- बिलखिरिया से सीहोर।
- औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा से बिलकिसगंज।
- फंदा से मंडीदीप।
- फंदा से आईबीडी रॉयल सलैया और बीडीए कॉलोनी।

### टैक्स में बड़ी छूट होने से ऑपरेटरों को फायदा

इस नई व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ बस ऑपरेटरों को मिलेगा, जिसका सीधा असर यात्रियों की सुविधाओं पर पड़ेगा। अब तक इन रूटों पर चलने वाली बसें स्टेज कैरिज श्रेणी में दूरी के आधार पर भारी टैक्स देती थीं। लेकिन अब इन्हें अर्बन-सब अर्बन (शहरी.उपनगरीय) श्रेणी में रखा गया है।

# ग्रामीण किसानों ने ठाना है पेट्रोल बचाना है बाजार साइकिल से जाना है



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की बचत करने की अपील पर अमल करने में सीहोर जिले के किसान सबसे आगे आए हैं। जिले के ग्राम चंदेरी के किसानों ने एक मिसाल पेश करते हुए संकल्प लिया है कि वे देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को मजबूती देने के लिए अब ईंधन चालित वाहनों का त्याग कर साइकिल का उपयोग करेंगे।

चंदेरी गांव के किसानों का कहना है कि वर्तमान में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच जिस तरह के तनावपूर्ण हालात और युद्ध जैसी स्थितियां बनी हुई हैं, उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और ईंधन की कीमतों पर पड़ता है। ऐसे संकट के समय में देश को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन की बचत करना बेहद जरूरी हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि अब वे बाजार, खेत या अन्य निजी कामों के लिए मोटरसाइकिल के बजाय साइकिल से सफर करेंगे।

**राजनेताओं की फिजूलखर्ची वाली रैलियों पर लगे रोक :** इस पहल की शुरुआत करने वाले समाजसेवी और किसान एमएस मेवाड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार. बार देशहित में ईंधन बचाने का संदेश दे रहे हैं। हमने इसी संदेश को जमीन पर उतारने की कोशिश की है। किसानों ने कड़े शब्दों में यह भी कहा कि बचत की जिम्मेदारी केवल आम जनता पर ही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि राजनेताओं और अधिकारियों को भी इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि राजनीतिक रैलियों में सैकड़ों गाडियों का काफिला निकाला जाता है, जिससे भारी मात्रा में पेट्रोल-डीजल बर्बाद होता है। ऐसी वाहन रैलियों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और नेताओं को भी सादगी अपनाकर कम से कम वाहनों का उपयोग करना चाहिए।

**सेहत और देश दोनों को मिलेगा लाभ :** किसानों का मानना है कि साइकिल चलाने से न केवल आर्थिक बचत होगी और देश का पैसा बचेगा, बल्कि इससे स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

चंदेरी के किसानों ने एक साइकिल रैली निकालकर पूरे जिले को संदेश दिया है कि साइकिल अपनाएं, पेट्रोल-डीजल बचाएं। ग्रामीणों ने संकल्प लिया है कि वे अपनी इस मुहिम को रुकने नहीं देंगे और अन्य गांवों के किसानों को भी इस राष्ट्रव्यापी बचत अभियान से जोड़ेंगे।।

# जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक भाजपा के जिला कार्यालय पर बुधवार को संपन्न हुई। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल संभाग प्रभारी संजय सिंह यादव के की उपस्थिति में संपन्न हुई।

मोर्चे के आने वाले कार्यक्रमों में मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार प्रवास के कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम मैं प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री कमलेश कुशवाहा एवं जय नारायण जलोदिया, जिला उपाध्यक्ष लखन चौरसिया, जिला मंत्री विष्णु सिंह परमार, जिला कार्य समिति सदस्य बृजमोहन सोनी बरखेड़ी मंडल अध्यक्षअध्यक्ष आलम सिंह परमार, इछावर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण मीणा, कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री प्रशांत राठौर ने किया। राजेश परिहार , विनोद त्यागी आदि उपस्थित रहे।



## दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।

परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

## पावर हाउस चौराहे पर स्थापित होगी महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा

# वीरता और राष्ट्रभक्ति के साथ किया जा रहा नगर में विकास कार्यः नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर पावर हाउस चौराहे पर उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापना एवं चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर आज नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहाकि नगर में विरासत, राष्ट्रभक्ति और वीरता के साथ विकास कार्य किए जा रहे है।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की लंबे समय से मांग थी कि नगर के प्रमुख स्थल पर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित की जाए, जिसे अब साकार किया जा रहा है।



नगरपालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव राष्ट्रनायकों, महापुरुषों और भारत की गौरवशाली संस्कृति को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और सम्मानित करने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना स्थल पर आकर्षक सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक बन सके। इस अवसर पर सीएमओ सुधीर सिंह, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, नरेंद्र राजपूत, इंजीनियर प्राची मैडम सहित नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग संबंधी लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निरंतर लगाए जाएंगे कैंप

## प्राचार्य स्वयं उपस्थित होकर पूर्ण करेंगे सभी लंबित कार्य

**सीहोर।** जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग में लंबित कार्यों जैसे जल गंगा संवर्धन अभियान, डब्ल्यूओडब्ल्यू एप, लैपटॉप के खाते का अपडेशन, नामांकन, ईसर्विस बुक अपडेट, पोर्टल 3.0 पर एंट्री, सर्विस रिकॉर्ड अपडेट, साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण, फेल्ड एकाउन्ट तथा छात्रवृत्ति सहित अनेक लंबित कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए सभी विकास खंडों बुधनी, भैरूंदा, सीहोर, आष्टा और इछावर के निर्धारित उत्कृष्ट उमावि एवं सांदीपनि स्कूलों में 14 मई प्रातः 10:30 बजे से निरंतर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

कैंप में सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित होकर लंबित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करेंगे। अधिकारियों द्वारा कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

कैंप में संस्था प्राचार्य, संबंधित शिक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित उपस्थित होकर शाला के पोर्टल से संबंधित लंबित कार्य संपादित करेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन कार्य की समीक्षा भी की जाएगी। कार्य समय सीमा में पूर्ण न होने एवं अनुपस्थित होने पर प्राचार्य का एक दिवस का वेतन काटा जाएगा और कार्यवाही की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री तोमर द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो कक्षा 1 से 12 तक के समस्त कार्य की सतत निगरानी करेंगे। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सीहोर जिले में शिक्षा विभाग से संबंधित लंबित कार्यों को समय सीमा में शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्क छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑन लाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय यूपीएवाय ऐप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### समरसता प्रमुख शर्मा का किया स्वागत



**कांटाफोड़।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के इंदौर विभाग समरसता प्रमुख तन्नू शर्मा के कांटाफोड़ नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके आगमन की सूचना मिलते ही नगर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांटाफोड़ बस स्टैंड पर एकत्रित हो गए और स्वागत की तैयारियों में जुट गए। नगर में प्रवेश करते ही तन्नू शर्मा का ढोल-धमाकों, पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। बस स्टैंड पर पहुंचे तन्नू शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर तन्नू शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के पश्चात तन्नू शर्मा इंदौर के लिए रवाना हुए। उनके स्वागत कार्यक्रम में सोनू सिंगनाथ, योगेश बड़ गुर्जर, अनिल मौर्य, सुजॉय मंडल, मोजीराम यादव, अरविंद राजपूत, सूर्या जामुनिया, रवि मोरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निःशुल्क

**देवास।** शहर के मुख्य मुक्तिधाम पर नगर निगम द्वारा संचालित गैस शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निःशुल्क किए जाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल से स्वीकृति हेतु महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को ई—फाईल के माध्यम से भेजा गया। महापौर ने प्रकरण को एमआईसी की पृष्टि की प्रत्याशा में ई—फाईल के माध्यम से दी स्वीकृति। उल्लेखनिय है कि शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा कार्यालयीन कार्य ई—फाईल के माध्यम से संपादित कराए जा रहे हैं। महापौर कार्यालय में जाने वाले प्रकरण महापौर के द्वारा ई—फाईल के माध्यम से किए जा रहे है। अग्रवाल ने गैस संचालित शव दाह सेवा गृह को आमजन को आर्थिक राहत मिले इस हेतु गैस शव दाह सेवा का उपयोग 1 वर्ष के लिए निःशुल्क करने हेतु गत सप्ताह प्रस्ताव दिए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन मे महापौर ने स्वीकृति प्रदान की। महापौर ने बताया कि इस गैस शव दाह सेवा गृह को निःशुल्क करने से अर्थिक राहत के साथ पर्यावरण मे लकडी एवं कण्डे से होने वाले वायु प्रदुषण मे कमी आएगी तथा लोगों पर आर्थिक भार भी कम होगा तथा आधुनिक एवं त्वरित स्वच्छ प्रणाली को बढावा मिलेगा एवं पर्यावरण संरक्षण मे जन जागरूकता मे वृद्धि होगी। गैस शव दाह सेवा को निःशुल्क करने से जो व्यय होगा उसे निगम वहन करेगी।

अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ में विस्फोट के बाद हादसे में फैक्ट्री का शेड उड़ा, घटना की जांच के दिए आदेश

# टोंककला पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट: तीन मजदूरों की मौत, 25 घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर तक बिखरे





### सीएम मोहन यादव के निर्देश पर प्रभारी मंत्री और अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ल भी पहुंचे घटना स्थल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर से 20 किमी दूर एबी रोड़ स्थित टोंककलां ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा फेक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ, धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दीं। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गईं। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चौईथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया। मृतकों में धीरज पिता बग्गी राम पासवान उम्र 40 साल निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार शामिल है। घायलों के नाम अमित, रोशन, राम, अजय,अमित ऋषि,मंजिता, राहुल,गुड्डू, गोलू, निरंजन, विशाल है। वहीं सामान्य घायलों में कृष्ण कुमार, नासिर, मोहन कुमार, संतोष, निकी कुमार, गोविंद, रसल, निजाम, सफर, ललित, कैलाश और शक्ति शामिल हैं। अधिकांश मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ में विस्फोट के बाद हुए हादसे में फैक्ट्री का शेड भी उड़ गया। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी कलेक्टर ने मोर्चा संभाला। उज्जैन कमिश्नर और आईजी भी घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल निरीक्षण कर घायलों से मुलाकात की। घटना में मृतकों के परिवारों सीएम यादव के निर्देश पर चार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी गई है।

### एसीएस शुक्ल ने लिया स्थिति का जायजा

वहीं सीएम मोहन यादव के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ल भी घटना स्थल पहुंचे और सम्बन्धित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियों की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीएस शुक्ल ने बताया कि एफएसएल कैमेस्ट्री और फिजिक्स की टीम, औद्योगिक सुरक्षा की टीम और पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन साथ मिलकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर क्षेत्रीय बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सांसद सोलंकी ने स्पष्ट किया कि भाजपा की सरकार है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अस्पताल में भर्ती घायलों मिलने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचे और उन्होंने इस घटना पर भाजपा और प्रशासन को जमकर घेरा। पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि निरपराध और अबोध लोग मारे गए है यहां के लोग बता रहे है कि बीजेपी के रसूखदार नेता की फैक्ट्री हैं अधूरे निर्माण में ही फैक्ट्री में पटाखे बनाने का लायसेंस दे दिया गया। हादसे से दो किलोमीटर दूर ही फैक्ट्री मालिक के भांजे ने वेयरहाउस को पटाखों का गोदाम बना दिया है। ये सरकारी सब्सिडी लेकर बना हुआ गोदाम हैं 5 साल तक अनुबंध होता है गेहूं भरने का किसानों से खरीदा गेहूं रखा जाता है अन्याय देख लीजिए पटाखे बारूद भरा हुआ है जो दोषी है उनको फांसी पर लटकाने की कार्रवाई होना चाहिए। वहीं पटवारी ने यह सरकार अब बारूद माफिया की सरकार है, हरदा पेटलावद के हादसों के बाद अब देवास में भी हादसा हुआ। जवाबदारों को तुरंत हटाना चाहिए। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया। विस्फोट के बाद फैक्ट्री परिसर में चारों ओर चीख-पुकार मच गई। बारूद से झुलसे मजदूर दर्द से तड़प रहे थे। कई घायल बिना कपड़ों के तपती जमीन पर पड़े थे और उनकी चमड़ी तक झुलस चुकी थी। साथी मजदूर ही घायलों को कंधों पर उठाकर हाईवे तक लाए, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 11 बजे जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद फैक्ट्री से धुएं का गुबार उठने लगा। टीन शेड हवा में उड़ते दिखाई दिए और विस्फोट वाली इमारत पूरी तरह ढह गई। बिहार निवासी मजदूर शशिकुमार पासवान ने बताया कि वे पिछले ढाई महीने से फैक्ट्री में काम कर रहे थे। हादसे के समय वे दूसरे ब्लॉक में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि धमाके के बाद बाहर निकलकर देखा तो कई लोग बुरी तरह झुलस चुके थे और सभी उन्हें बचाने में जुट गए। ग्रामीणों के मुताबिक धमाके की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। टोंककलां और कलमा गांव सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। कई घरों में धमाके से बर्तन तक हिल गए। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री परिसर में छह से अधिक ब्लॉक बने थे। जिस हिस्से में विस्फोट हुआ, वहां केमिकल से बारूद तैयार किया जाता था। पास के ब्लॉकों में पटाखों की पैकिंग और निर्माण का काम चलता था। हादसे के बाद परिसर में अधजले पटाखे, पैकिंग सामग्री, मजदूरों की चप्पलें, पानी की बोतलें और महिलाओं के उपयोग का सामान बिखरा मिला। मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में रोजाना 500 से 600 लोग काम करते थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। पुरुष मजदूरों को प्रतिदिन 400 रुपए और महिलाओं को 250 रुपए दिहाड़ी दी जाती थी। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण फैक्ट्री के बाहर जमा हो गए और प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव किया। लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित हो रही थी और शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऋतुराज सिंह ने बताया कि कुल 28 लोग घायल हुए थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है। घायलों का इलाज देवास और इंदौर के अस्पतालों में जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री को 23 दिसंबर को लाइसेंस जारी किया गया था, जबकि 6 मई को उसका नवीनीकरण किया गया था। संचालकों के पास पटाखा निर्माण और विक्रय के दो अलग-अलग लाइसेंस थे। मामले की जांच के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं तथा अब तक चार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### संभागायुक्त सिंह ने घटना का लिया जायजा

घटना की सूचना मिलते ही संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। सिंह जिले के टोंककला में स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना में घायल श्रमिकों को देखने जिला अस्पताल एवं अमलतास अस्पताल भी पहुंचे। चिकित्सा विशेषज्ञों से किए जा रहे इलाज की जानकारी प्राप्त कर, घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। इस दौरान एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनिल मालवीय को रासुका के अंतर्गत निरुद्ध किया, पटाखा लाइसेंस को भी किया निलंबित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आरोपी अनिल मालवीय के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की है। आरोपी अनिल मालवीय को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर पटाखा लाइसेंस का गलत तरीके से उपयोग करने एवं नियम शर्तों का पालन नहीं करने पर की गई।

### प्रभारी मंत्री और संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए

प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा घटना की शाम देवास पहुंचे और घायलों से मुलाकात की उन्होंने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने जिले की तहसील टोंकखुर्द के ग्राम टोंककला में संचालित आतिशबाजी विनिर्माण/विक्रय फैक्ट्री में घटित घटना की मजिस्ट्रियल जांच संस्थित की है। मजिस्ट्रियल जांच के लिए अपर कलेक्टर उज्जैन अतेन्द्र सिंह गुर्जर, संचालक औद्योगिक स्वास्थय एवं सुरक्षा अधिकारी इंदौर नमिता तिवारी को नियुक्त किया है। नियुक्त अधिकारी अग्नि दुर्घटना एवं विस्फोट के संभावित कारण, विस्फोटक नियम के विभिन्न प्रावधान के पालन कि स्थिति, नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 के प्रावधान के पालन की स्थिति, घटना स्थल व जिले में अन्य जारी अनुज्ञप्तियों की स्थिति, दुर्घटना स्थल पर जारी किये गये अनुज्ञप्तियों की वस्तुस्थिति एक सप्ताह में संपूर्ण जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन संभाग आयुक्त को प्रस्तुत करेंगे।







मंत्रोच्चारण के साथ हुई शनिदेव की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# मीठे शब्द व्यक्ति के संस्कार, व्यक्तित्व की पहचान: गोविंद जाने





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम नयापुरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक संत गोविंद जाने ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शब्द अत्यंत शक्तिशाली होते हैं, इसलिए हमेशा संयम और समझदारी से बोलना चाहिए।

मीठे और सोच-समझकर बोले गए शब्द ही व्यक्ति के संस्कार और व्यक्तित्व की सच्ची पहचान होते हैं। उन्होंने कहा कि भाषा भले ही एक हो, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण अलग होता है। इसलिए शब्दों का चयन सदैव सकारात्मक होना चाहिए। संत गोविंद जाने ने आगे कहा कि इच्छा शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है और इसका उपयोग भगवान की भक्ति में करना चाहिए।

यदि मनुष्य अपनी इच्छा शक्ति को भक्ति में लगा दे तो भगवान स्वयं भक्त का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कथा के दौरान नानीबाई मायरा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल राणा परिवार द्वारा मायरा रस्म निभाई गई। आरती राधेश्याम कंठाली, अरुण खेरिया, राजेश खेरिया, निलेश कंठाली एवं बाबूलाल मुजाल्दे द्वारा की गई।

इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गुरुवार शाम यज्ञशाला में आरती के दौरान मंदिर से संबंधित विभिन्न बोलियां लगाई गईं, जिनमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नव निर्मित श्री शनि नवग्रह मंदिर में प्रमुख बोलियों में मंदिर शिखर पर कलश चढ़ाने की बोली दुलीचंद रामाजी सोलिया ने 1 लाख 31 हजार 101 रुपए में प्राप्त की। वहीं प्रथम पट खोलने की बोली भेरूलाल पाटीदार ने 61 हजार 101 रुपए में ली। इसी प्रकार प्रथम आरती, तेल चढ़ाने, ध्वजा चढ़ाने, 56 भोग, प्रथम दर्शन एवं श्रृंगार सहित अन्य धार्मिक बोलियां भी श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से ली गईं।

इस दौरान यज्ञाचार्य संजय शर्मा एवं अन्य पंडितों द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ शनिदेव सहित नवग्रह मंदिर की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया। रात्रि में भजन गायक संदीप वैष्णव ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राहुल पाटीदार ने किया।

## फिर हुआ दर्दनाक हादसा, सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बनीं मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



नगर के डाबरी गेट स्थित गिरिराज वेयरहाउस के पास लगातार हो रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में कांटाफोड़ निवासी पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक के साथ आक्रोश का माहौल भी बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं तुलाई के चलते वेयरहाउस के बाहर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि देर रात कांटाफोड़ की ओर से तेज गति से आ रही एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों में से पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गिरिराज वेयरहाउस के आसपास यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक पार्किंग व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गेहूं खरीदी और तुलाई के दौरान सड़क पर लंबी कतार में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार हादसों को न्योता दे रही हैं।

## खबर संक्षेप

### गंगा दशहराः मानसरोवर तालाब पर होगी आरती

**ललितपुर।** जिला गंगा समिति की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा संचालन डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि गंगा दशहरा के अवसर पर तालबेहट के प्राचीन हजारिया महादेव मंदिर पर स्थित मानसरोवर तालाब पर भव्य गंगा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। आयोजन अविरल गंगे फाउंडेशन एवं जिला गंगा समिति के तत्वाधान में होगा द्य मानसरोवर तालाब एवं सुम्मेरा तालाब की सफाई के लिए फिश कटर मछली का उपयोग करना प्रस्तावित है, जिसके लिए मत्स्य विभाग प्रथम चरण में सवा लाख मछलियां उपलब्ध कराएगा तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जल गुणवत्ता की जांच की जाएगी। जनपद में जिन नदियों पर पुनर्जीवन कार्य पूर्ण हो चुका है उनकी हेल्थ रिपोर्ट तैयार करने की योजना है। नालों पर फायटोरेमेडिएशन कार्य के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा जल संस्थान के साथ पत्राचार किया जा रहा है। जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु कृषि विभाग के साथ विकसित संकल्प अभियान में जागरूकता गोष्टियां आयोजित की जाएंगी।

### बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को नोटिस, 18 को व्यक्तिगत रूप से तलब

**ललितपुर।** जनपद की अदालत ने न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने के मामले में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश एडीजे (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राखी भदौरिया की अदालत से जारी किया गया है। बताया गया है कि न्यायालय में इजराय वाद संख्या 07/2025, बलराम कुशवाहा बनाम अधिशासी अभियंता का मामला लंबित चल रहा है। मामले में डिक्रीधारक की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया कि न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए आदेशों का अब तक पालन नहीं किया गया है। न्यायालय ने अपने नोटिस में उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारी को 3 जनवरी 2026 को आदेशों के अनुपालन के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। इसके बाद विभाग की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने का निवेदन किया गया, लेकिन 20 जनवरी 2026 से अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही न्यायालय के समक्ष कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। इसी को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता पवन कुमार को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि वह 18 मई 2026 (सोमवार) सुबह 8 बजे अपने स्पष्टीकरण के साथ न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तिथि पर अधिकारी उपस्थित नहीं होते या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मामले में वसूली की कार्रवाई करते हुए बैंक खाते से धनराशि काटने जैसी वैधानिक कार्रवाई अमल में ला सकती है।

### डेढ़ साल सेवा के बाद हटाए गए 55 सुरक्षा गार्ड

**ललितपुर।** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत रहे 55 सुरक्षा गार्डों ने सेवा विस्तार और समायोजन की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगाई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि करीब डेढ़ वर्ष तक जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षा गार्ड के रूप में सेवाएं देने के बावजूद उन्हें अचानक सेवा से हटा दिया गया, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित सुरक्षा कर्मियों ने इस संबंध में राज्यमंत्री मनोहरलाल तथा विधायक रामरतन कुशवाहा को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए हस्तक्षेप की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी स्थिति को देखते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों ने शासन स्तर पर उनके सेवा विस्तार और समायोजन के लिए पत्राचार किया था। शासन द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य (डीन) एवं सीएमओ से स्पष्ट आख्या भी मांगी गई थी। एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हुए शासन को स्पष्ट रिपोर्ट नहीं भेजी।

### शादी समारोह से लौट रहे लोगों को बनाया हादसे का शिकार

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने चार बाइकों को रौंदा चाचा-भतीजी की हुई मौत, आधा दर्जन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक के बाद एक चार बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे चाचा और पांच माह की भतीजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह हादसा बुधवार रात करीब 8 बजे तालबेहट के पूराकलां मार्ग स्थित राधा हॉस्पिटल के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सबसे पहले बाइक सवार देवसिंह यादव (45) पुत्र भैरव यादव और उनकी पांच माह की भतीजी नैंसी पुत्री नरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर झांसी की ओर भागने लगा। इस दौरान उसने रास्ते में तीन अन्य बाइकों को भी टक्कर मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ दूरी पर स्कॉर्पियो का टायर फट गया, जिसके बाद वाहन रुक गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल होने वालों में सुरेंद्र (25) पुत्र गोविंददास निवासी बसई, मध्य प्रदेश, रामू (30) पुत्र राधे सोनी, विकास (27) पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी तालबेहट रेंज ऑफिस, मुस्कान (18) पुत्री रज्जू निवासी जमालपुर, सोनम (25) पत्नी नरेंद्र निवासी पिपरई तथा करन (38) पुत्र रघुनाथ निवासी दरदरी खांदी शामिल हैं। सभी घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो चालक जमालपुर गांव का रहने वाला है और अपने परिवार के साथ ग्राम खांदी में आयोजित एक शादी समारोह से लौट रहा था। वहीं मृतक देवसिंह भी अपनी भतीजी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तालबेहट में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। पुलिस अधिकारी अभिजीत सिंह, आशीष मिश्रा और कोतवाल अशोक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### ट्रांसपोर्टर को फोन पर जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर को फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारुति सुजुकी शोरूम के पीछे एन.एच. 44 के पास निवासी संदर्भ पटसारिया पुत्र प्रभाकर पटसारिया ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि कुछ समय पूर्व उन्होंने वाहन संख्या यूपी 94 ए.टी. 1241 को भाड़े पर भेजा था। वाहन के संचालन की जिम्मेदारी वाहन स्वामी द्वारा अभिषेक जोशी, निवासी भैसाई को सौंपी गई थी। आरोप है कि इसी दौरान अभिषेक द्वारा भेजे गए ड्राइवर अरविंद पाल, निवासी ग्राम भैसाई, ने संदर्भ पटसारिया को फोन कर पैसों की मांग की। जब शिकायतकर्ता ने कहा कि वह उसे व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते और इस संबंध में अभिषेक जोशी से बात करे, तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोप है कि अरविंद पाल ने फोन पर अश्लील और भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी देकर भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि पूरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है, जिसे साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है।

### एनजीओ के नाम पर महिला से लाखों की ठगी

**ललितपुर।** जिले में एनजीओ संचालन और रोजगार दिलाने के नाम पर महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत और न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने वाराणसी निवासी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा द्वितीय निवासी रामदेवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आकाश पाण्डेय पुत्र सन्तोष पाण्डेय, निवासी ग्राम सरसौल, पोस्ट लूठाकल, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी, ने स्वयं को महिला एवं बाल विकास समिति नामक एनजीओ का संचालक बताते हुए उनसे संपर्क किया था। आरोपी ने ललितपुर में एनजीओ का सेंटर खोलने और पीड़िता को 27 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने का लालच दिया। साथ ही बरी, पापड़, अचार एवं अगरबत्ती निर्माण का व्यवसाय शुरू कराने के नाम पर करीब 10 लाख रुपये निवेश करने की बात कही। आरोपी की बातों में आकर पीड़िता ने अपने और अपनी माता के जेवर गिरवी रखकर उसे रकम उपलब्ध कराई। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसका सिम कार्ड और बैंकिंग संबंधी जानकारी अपने कब्जे में लेकर बैंक खातों से धोखाधड़ी करते हुए करीब 5 लाख 75 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ और उसने आरोपी से संपर्क किया तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी।

### वांछित आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित, सूचना देने वाले की पहचान रहेगी गोपनीय

**ललितपुर।** जनपद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। यह घोषणा मो. मुश्ताक द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 495/2026 में आरोपी ग्राम खिरिया छतारा निवासी राजप्रताप उर्फ मोना राजा पुत्र धीरज उर्फ बिट्टू के खिलाफ आबकारी अधिनियम, बीएनएस तथा कॉपीराइट अधिनियम की विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। आरोपी फिलहाल फरार चल रहा है और पुलिस को उसकी तलाश है। एसपी के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस प्रशासन ने आरोपी की गिरफ्तारी अथवा उससे संबंधित सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को आरोपी के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल जनपद पुलिस या निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें। प

### फरार महिला अभियुक्ता पर 25 हजार का इनाम, पुलिस ने आमजन से मांगी सूचना

**ललितपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद पुलिस ने एक वांछित महिला अभियुक्ता की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। यह घोषणा मो. मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा की गई है। थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 1422/2025 में अभियुक्ता तालाबपुरा निवासी लवीना सिंह पत्नी अभिनव सिंह के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। मामले में अभियुक्ता फिलहाल फरार चल रही है और पुलिस को उसकी तलाश है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया है। इस संबंध में सटीक सूचना पर 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की गई है।

### महिला कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

## प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित अमर्यादित बयान पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हमीरपुर-महोबा क्षेत्र के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति कथित अमर्यादित एवं अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में गुरुवार को ललितपुर में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से जोरदार प्रदर्शन किया गया।

महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया और जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। नेतृत्व भाजपा महामंत्री रजनी अहिरवार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे में जनता द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान राजनीतिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाने



वाले हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बर्णी कॉलेज से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक विरोध मार्च निकालकर आक्रोश व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने धरना दिया विरोध स्वरूप नारेबाजी की। इसमें जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, रुचिका बुंदेला, डा.स्वाधीनता कृष्णा, पूर्व नपाध्यक्ष रजनी साहू, पार्षद पार्वती खटीक आदि शामिल थीं।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक स्तरीय चुनाव 20 से

**नई कार्यकारिणी का होगा गठन**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा ब्लॉक स्तरीय द्विवार्षिक अधिवेशन एवं नई कार्यकारिणी के गठन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। यह चुनाव आगामी 20 मई से शुरू होकर 2 जून तक जिले के विभिन्न विकास खंडों में आयोजित किए जाएंगे। संघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह एवं जिला महामंत्री जय प्रकाश कुशवाहा (जे.पी.) ने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को पत्र भेजकर निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार जनपद के सभी विकास खंडों में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री और संप्रेक्षक सहित विभिन्न पदों पर चुनाव कराया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम को लेकर बताया गया है कि 20 मई को विकास खंड बिरधा सभागार, 22 मई को विकास खंड मडावरा सभागार, 25 मई को विकास खंड महरौनी सभागार, 28 मई विकास खंड तालबेहट सभागार, 30 मई को विकास खंड जखौरा सभागार, 02 जून को विकास खंड बार सभागार में सम्पन्न होगा। जिलाध्यक्ष विवेक सिंह और जिला महामंत्री जय प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई जाएगी संबंधित समस्त अधिकारियों को सूचना प्रेषित कर दी गई है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से निर्धारित तिथियों पर अपने-अपने विकास खंड मुख्यालय पहुंचकर मतदान प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

### पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## 24 घंटे में 24 बार विद्युत कटौती, पर आगे नहीं आए कोई भी बड़े जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विद्युत कटौती से परेशान पूरे जिले में जब आमजन की आवाज जनता से चुने गये जनप्रतिनिधि नहीं बन सके तो इसी बीच लोकतंत्र की शुरूआती इकाई के सिपाही पार्षद कुन्दन पाल पत्रकार आगे आये। विद्युत कटौती से आमजन का जीना मुहाल बना हुआ है। दिन में कटौती से लोग जूझते नजर आते हैं, लेकिन रात में बार-बार नहीं कईयों बार अघोषित कटौती ने लोगों को खासी मुसीबत में डाल रखा है। इस सम्बन्ध में वार्ड नं. 17 सिविल लाइन द्वितीय के पार्षद कुन्दन पाल ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को पत्र सौंपकर विद्युत कटौती पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी है। वहीं आमजन में इस बात को लेकर भी आक्रोष है कि विद्युत कटौती की जानकारी लेने के लिए शासन द्वारा अधिकारियों को दिये गये सीयूजी




नम्बर भी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा रिसीव नहीं किये जा रहे हैं। डीएम को सौंपे पत्र में पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम सत्य प्रकाश को अवगत कराया कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा शहर की विद्युत आपूर्ति को अघोषित तरीके से बार-बार काटा जा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि फीडर नंबर 1, 4, 5 व 3 सहित अन्य फीडर से 24 घण्टे में 24 बार से अधिक विद्युत कटौती की जा रही है।

### पुलिस और व्यापार मंडल की अहम बैठक के दौरान कई निर्णय लिए

# सुरक्षा, चोरी व ट्रैफिक पर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापार सुरक्षा प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता एएसपी ने की। बैठक में तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा, बार, पाली और जखौरा क्षेत्र के व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को पुलिस प्रशासन के




समक्ष रखा। इस दौरान व्यापार मंडल जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह ने शहर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज रफ्तार बाइक चालकों तथा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2026 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 500 से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जबकि 23 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश जैन बडेरा ने शहर में हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से रसराज रेस्टोरेंट, राजघाट जैन मंदिर और देवरान जैन मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की। इस पर पुलिस प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि राजघाट जैन मंदिर चोरी कांड में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। मामले में आरोपी बादल पुत्र माधव आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके कब्जे से चोरी पीली धातु का कलश, श्रीफल और नकदी बरामद की गई है। गोष्ठी में उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई आदि मौजूद थे।

# बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता दी और स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

### कारागार के निरीक्षण में व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक

**ललितपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कारागार ललितपुर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार सचिव देवप्रिय सारस्वत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। सबसे पहले कारागार की पाकशाला (रसोईघर) का निरीक्षण किया गया, जहां भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, खाद्य सामग्री के भंडारण तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रसोईघर की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद अधिकारियों ने पुरुष बंदी बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से बातचीत



कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण टीम ने महिला बंदी बैरक में भी पहुंचकर महिला बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और समस्याओं को गंभीरता से सुना।

# हिंसा मुक्त समाज, तनावमुक्त युवा और प्रेमपूर्ण जीवन ही हमारा उद्देश्य : विश्वास

### आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण, गुरुदेव के 70वें जन्मोत्सव पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर चैप्टर द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के सफलतम 45 वर्ष पूर्ण होने तथा पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकरजी के 70वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम एवं सत्संग का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया।

इस दौरान शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, साधकों एवं सदस्यों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। बताया गया कि गुरुदेव के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर चैप्टर के नेतृत्व में 13वें हैप्पीनेस प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल फाउंडेशन से अब तक जनपद के लगभग 75 लोग जुड़ चुके हैं और निरंतर इसकी गतिविधियों में भागीदारी कर रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के योग शिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य समाज को हिंसा से मुक्त बनाना, युवाओं को चिंता और तनाव से दूर रखना तथा हर व्यक्ति के जीवन में प्रेम, शांति और खुशहाली लाना है। उन्होंने कहा कि ललितपुर चैप्टर गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए



समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। अपील में कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के जनहितकारी अभियान से जुड़कर स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के जीवन को भी अधिक सार्थक, संतुलित और खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भजन संध्या ने सभी का मन मोह लिया। उमा द्विवेदी, राकेश देवी जाखड़, वंदना भारती, निधि पाण्डेय, मधु त्रिपाठी, एंजिल पाण्डेय, ओम प्रकाश लोहिया, जगजीत सिंह जाखड़, विजय गोपाल, स्वदेश भूषण वर्मा, शिव शंकर भारती, अजय नाथ त्रिपाठी, शुभम देवलिया और केशव चौरसिया सहित अन्य प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

# जिला उद्योग व्यापार मंडल ने पहला जिलाधिकारी को और दूसरा ज्ञापन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के जिला संयुक्त अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में आमजन को उपचार में होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिया।

1 , अभी-अभी 7 मई को अशोक कुमार जैन मोहिनी व्यापारी के साथ घटित घटना के लिए मांग की गई इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो

2 न्यूरो सर्जन ,हृदय रोग विशेषज्ञ एवं अनुभावशील चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति की जाए जिससे आमजन को उपचार में राहत मिल सके

3 संयुक्त चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे वरिष्ठ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे गंभीर रोग से ग्रसित मरीजों के लिए प्राथमिक

उपचार दिया जाए एवं मरीज को मजबूरी में ही रेफर किया जाए बाकी इलाज मरीज का ललितपुर जिला चिकित्सालय में करने का प्रयास किया जाए

4 जिला संयुक्त चिकित्सालय में ऊपर की मंजिल के वार्डों में ऑक्सीजन की कमी होने की शिकायत आई है ऑक्सीजन की तुरंत पूर्ति की जाए जिससे ऑक्सीजन कमी के कारण आमजन की छती ना हो

5 सरकारी डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस करने पर मरीजों का इलाज सरकारी अस्पताल में सरकारी डॉक्टर लापरवाही से इलाज करते हैं जिससे आमजन को नुकसान सहन करना पड़ता है

6 संयुक्त जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड मशीन , जांच के अन्य उपकरण आए दिन खराब होना बताते हैं इसकी जांच करके उपचार हेतु मशीनों को ठीक रखा जाए जिससे मरीजों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़े

7 ,वर्तमान में 2026 में लगभग 5 महीने में लापरवाही से चिकित्सा करने पर लगभग 5,6 मरीजों की हालात बिगड़ने से उनकी मौत हो चुकी है अभी तत्कालीन 7 मई को अशोक कुमार जैन व्यापारी की चिकित्सा में लापरवाही के कारण मृत्यु हो चुकी है हमारी मांग है इस तरह की लापरवाही पर प्रशासन द्वारा अंकुश लगाया जाए जिससे आमजन की मौत किसी भी प्रकार की लापरवाही से नहीं हो पाए और ललितपुर जिला संयुक्त अस्पताल को रेफर संेटर नहीं बनाया जाए।

### खोदी गई सड़कों को भरने की मांग

व्यापार मंडल द्वारा पुनः मांग की जा रही है स्टेशन रोड से मवेशी बाजार तक दोनों तरफ चौड़ीकरण के लिए खोदी गई सड़क तत्काल भरी जाए क्योंकि इससे आमजन चोटिल हो रहे हैं व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है इसलिए नगर के वार्डों में खोदी गई सड़कों को तुरंत भरा जाए क्योंकि आमजन को निकालने में बहुत समस्या होती है ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई की जाए और ब्लैकलिस्टेड भी किया जाए जब भी पाइपलाइन डालने के लिए सड़क गहरीकरण किया जाए तो नियत समय में ही सड़क को खोदा जाए और भरा जाए ऐसे ही ठेकेदारों को कार्य दिया जाए प्रशासन द्वारा यदि समस्याओं का शीघ्र हल नहीं किया गया तो व्यापार मंडल को आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन देने में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिघई, गल्ला मंडी अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष जय कुमार महोली, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, प्रदेश युवा मंत्री अजय सोनी जिला कोषाध्यक्ष सिद्धेश्वर जमोरया , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजानाराहट , रविंद्र दिवाकर, विजय जैन कॉफीहाउस डॉ संजीव कड़की अशोक सोनी , नगर अध्यक्ष पंडित नवनीत किलेदार आदि मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय की दो छात्राओं ने किया स्कूल और परिवार का नाम रोशन

# टॉप-10 में बेटियों का दबदबा, 10 में से 8 ने मारी बाजी, दिशा जिला टॉपर, अशिता द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष राजगढ़ जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 स्थानों में से 8 स्थानों पर कब्जा जमाया।

जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः दिशा सक्सेना (98.6ः) तथा आशिता साहा (98.0ः) रहीं। उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएँ स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ की छात्राएँ हैं तथा उन्होंने इसी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अध्ययन किया है। दोनों सहेलियों की इस असाधारण उपलब्धि पर सीबीएसई तथा समस्त जिला परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

### सफलता का श्रेय प्राचार्य, शिक्षकों और माता-पिता को दिया

दिशा सक्सेना और आशिता साहा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य, अपने माता-पिता तथा स्वयं की नियमित स्व-अध्ययन को दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन किया तथा कभी किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया।

टॉपर्स ने आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि नियमित रूप से विद्यालय जाना ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। विद्यार्थियों को शिक्षकों पर विश्वास रखना चाहिए, मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए तथा किसी भी विषय में कठिनाई होने पर सीधे अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उन्होंने अनावश्यक ट्यूशन एवं कोचिंग से बचते हुए अधिक समय स्व-अध्ययन को देने की सलाह दी।

जिला राजगढ़ के सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर 'श्री ए. साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़' ने बताया कि जिले में कुल 25 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय संचालित हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 850 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### खास बातें

- दिशा सक्सेना 98 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजगढ़।
- आशिता साहा 98 .0 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- प्रयाग साक्यवाड़ 95 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- संजू विश्नोई 95 .2 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- प्रियांशी राठौर, 95 .2 प्रतिषत, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगढ़
- प्रेम खत्री, 94 .6 : फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर
- प्रियंका सिसोदिया, 93 .8 प्रतिषत, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, ब्यावरा
- किरण मिश्रा 93 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- आर्वा सब्बीर हुसैन 93 .0 प्रतिषत, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, ब्यावरा
- वंशिका माहेश्वरी 93 .0 प्रतिषत, फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर

### ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल ने 12वीं में रचा कीर्तिमान



**ब्यावरा।** स्थानीय ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वाणिज्य संकाय के छात्रों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान लक्षिता सिंघी 93.4 प्रतिषत, द्वितीय अरवा शब्बीर हुसैन 93.प्रतिषत, तृतीय अर्चित साहू 91 प्रतिषत और मयूर शर्मा 91 प्रतिषत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक फादर जोस ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करता है।



## विधायक के हस्तक्षेप पर नपा अध्यक्ष-सीएमओ में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

स्थानीय नगर परिषद में बीते दिनों अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के बीच हुआ विवाद आखिरकार विधायक के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म करते हुए नगर विकास एवं जनहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि 07 मई को निजी भुगतान को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं उनके पुत्र महेंद्र चंद्रवंशी का सीएमओ लीलाधर सेन से विवाद हो गया था। घटना के बाद मामला कुरावर थाने पहुंचा, जहां सीएमओ श्री सेन ने मारपीट, अभद्रता एवं गाली-गलौज के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद जिलेभर के नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के सीएमओ ने जिला कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी भी पार्षदों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। मामले के राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ने के बाद मंगलवार शाम विधायक मोहन शर्मा वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीएमओ लीलाधर सेन से मिले और पूरे मामले पर चर्चा की। विधायक की समझाइश के बाद दोनों पक्ष समझौते पर राजी हो गए।

इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि देश लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलता है और लोकतंत्र में सबसे बड़ा पहलवान जनता जनार्दन होती है।

## किसानों के गेहूं की तुलाई नहीं होने से हाइवे पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर.





शासन के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में लेट लतीफी एवं अव्यवस्था से परेशान किसानों ने नगर के नहर पुलिया से आगे पचोर, छापीहेड़ा--जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर अपने गेहूं से भरें ट्रेक्टर खड़े करके जाम लगा दिया। जानकारी के मुताबिक बटावदा रोड स्थित सालासर वेयरहाउस में समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी की जा रही थी। लेकिन वेयर हाउस फुल होने के कारण तुलाई नहीं होने से नाराज किसानों ने बुधवार दोपहर को जीरापुर--छापीहेड़ा ,पचोर मार्ग पर चक्का जाम किया।

किसानों ने बताया कि 4-5 दिनों से भीषण गर्मी से परेशान होने पर गेहूं की तुलाई न होने और टोकन जारी करने के बावजूद उपज न बिकने पर नाराजगी जताई तथा टोकन नंबर के बावजूद गेहूं नहीं तोलने जबकि हमें ट्रेक्टर भाड़ा अलग से भुगतना पड़ रहा है, गेहूं कहा तोले जायेंगे हम परेशान हो गए।जब सड़क पर ट्रेक्टर खड़े किए। जैसे ही प्रशासन एवं पुलिस को जाम लगाने की जानकारी मिली तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी एवं पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से चर्चा करके अन्यत्र स्थान पर समर्थन मुल्य गेहूं तुलाई के लिए किसानों को बताया इसके बाद किसानों ने ट्रेक्टर हटायें।

इस दौरान तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी ने अतिरिक्त स्थान समीपवर्ती गांव राजाहेडी स्थित स्कूल परिसर में गेहूं तुलाई के आश्वासन के बाद किसानों से जाम खुलवाया। सड़क पर जाम लगभग आधा घंटा से अधिक समय तक चला, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। वाहनों में बैठे यात्री भीषण गर्मी में काफी देर परेशान होते रहे।

## ठेकेदार ने रोड पर बनाया वैकल्पिक रास्ता गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने सोसाइटी जा रहे किसान का ट्रैक्टर-ट्रॉली वैकल्पिक रास्ता में पलट गया। जिसमें करीब 60 क्विंटल गेहूं सड़क पर बिखर जाने से किसान को हजारों का नुकसान हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि पटेल कंस्ट्रक्शन ठेकेदार द्वारा मुख्य सड़क पर दोनो साइट पुलिया का काम चलने के कारण बनाया गया वैकल्पिक रास्ता मानक के अनुरूप नहीं है। जिस पर ना तो मुरम डाली गई, ना रोलर चलाया गया साथ ही पानी का चिड़कऊ नहीं करने से धूल उड़ रही, जिससे सामने बने हुए गड्डा दिखाई नहीं देने से यह हादसा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक किसान मोहित पवांर ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर लखनवास सोसाइटी जा रहे थे। मुख्य मार्ग बंद होने से उन्हें वैकल्पिक कच्चे रास्ते से निकलना पड़ा। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे और दलदल होने से ट्रॉली का संतुलन बिगड़ा और पलट गई। गनीमत रही कि ड्राइवर को चोट नहीं आई, लेकिन पूरा 60 कुंटल गेहूं मिट्टी में मिल गया।

### निजी भूमि मालिक ने किया विरोध

वैकल्पिक रास्ता एक निजी खेत से होकर निकाला गया है। खेत मालिक झब्बीलाल वासरमेंन ने विरोध जताते हुए कहा, ये मेरी निजी भूमि है। ठेकेदार ने बिना पूछे रास्ता निकाल दिया। रोज सैकड़ो वाहन ट्रक बड़े-बड़े डंपर ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलने से जमीन दबकर बंजर हो जाएगी। इसमें फिर फसल उत्पन्न नहीं होगी। मेरी जीविका इसी खेत से चलती है। या तो मुझे उचित मुआवजा दिया जाए, या फिर मैं किसी को नहीं निकलने दूंगा।

### एसपी ने धरनावदा थाने का निरीक्षण किया

**गुना।** जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा आये दिन जिले के थानों के औचक निरीक्षकण कर सुधार हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं । इसी क्रम में दिनांक 12-13 मई 2026 की दरम्यानी रात में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा जिले के धरनावदा थाने का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्य, लंबित अपराध एवं शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, फरियादियों की समस्याओं के संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निराकरण तथा अपराध नियंत्रण के लिए सतत एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश थाना स्टाफ को दिए गए । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभावी रात्रि गश्त, निगरानी बदमाशों पर सतत नजर रखने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।

## बाइपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर घायल

### ड्राइवर को झपकी आने से बजरंगगढ़ क्षेत्र में कार पलटी आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के बाइपास पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना सुबह करीब 10 बजे सेंगर ढाबा के पास की बताई जा रही है, जहाँ एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। उधर जिले के बजरंगगढ़ क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से लौट रहे शिवपुरी जिले के एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

#### टक्कर मारकर कार चालक फरार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक (एमपी 08 जेडसी 9904) पर सवार होकर दो लोग जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।





#### अस्पताल में भर्ती पुलिस जांच में जुटी

सड़क पर गिरे घायलों को देख राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया. डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया है, जबकि दूसरे घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है । सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

#### कार अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से जा टकराई

जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 6:30 बजे बजरंगगढ़ क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसमें सवार लोग घायल हो गए।घायलों में श्रीकृष्ण रघुवंशी, रामवती, हरिओम, हरिमोहन, अरुणा और 9 वर्षीय मिल्की शामिल हैं। बताया गया है कि परिवार भोपाल में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था।

अरुणा का गुना में बीए द्वितीय वर्ष का परीक्षा पेपर होने के कारण परिवार सुबह जल्दी रवाना हुआ था।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चार दिन में 4.6 डिग्री बढ़ा तापमान, 44 के पार पहुंचा पारा



**गुना।** जिले में गर्मी लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 10 मई को जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था, वहीं 13 मई को यह बढ़कर 44.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं।मौसम विभाग के अनुसार 13 मई को अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की आर्द्रता 41 प्रतिशत रही, जबकि शाम को यह घटकर मात्र 13 प्रतिशत रह गई। लगातार गिरती नमी और बढ़ती गर्मी से लोगों को उमस भरी तपिश का सामना करना पड़ रहा है।इससे पहले 12 मई को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री, 11 मई को 41.5 डिग्री और 10 मई को 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। चार दिनों से जिले में वर्षा नहीं हुई है और मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम दिखाई दे रही है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं जैसे डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और थकान के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## मोबाइल कोर्ट ने दिलवाया कांतिबाई को उसकी भूमि पर कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किसानों को मिला संबल वर्षों पुराने रास्ते खुलवाए जा रहे हैं। वहीं अपनी स्वयं की निजी भूमि पर कब्जा देकर उनका हक दिलवाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मधुसूदनगढ़ के ग्राम इमलिया के कांतिबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण तथा मानसिंह पुत्र बिहारी लाल बीलखेड़ा द्वारा आवेदन पेश कर अपनी समस्या के निराकरण हेतु निवेदन किया था जिसे मोबाइल कोर्ट के माध्यम से चिन्हित कर निराकरण के निर्देश प्रदाय किए गए थे। इसके पालन में एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के निर्देश पर मधुसूदनगढ़ तहसीलदार डॉ. उदय सिंह, नायब तहसीलदार कार्यपालिक दंडाधिकारी कमल सिंह कोली राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील पटवारी परमाल सिंह भील नीलम कार्तिकेय कोटवार द्वारा ग्राम इमलिया के सर्वे क्रमांक 43/1/1 रकबा 0.365 हे. भूमि पर अनावेदक शांतिबाई पत्नी नाथूलाल लक्ष्मीनारायण पुत्र गोरे लाल से मौके पर कांतिबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण को कब्जा सौंपा गया तथा ग्राम बीलखेड़ा में अनावेदक बलराम पिता बापूलाल एवं जगदीश पिता सोटरिया द्वारा खेतों पर जाने वाले रास्ते को खुलवाकर आवेदक मानसिंह पुत्र बिहारीलाल के रास्ते का मौके पर निराकरण कराया गया। इस प्रकार तहसील मधुसूदनगढ़ में अभी तक कुल 41 मोबाइल कोर्ट के आवेदनों का निराकरण किया गया।

### मनकामेश्वर धाम में राम कथा का समापन आज, कल होगा कन्या विवाह सम्मेलन और भंडारा

# धर्म और विजय का संदेश, श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



शिक्षा विभाग परिसर के पीछे स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही भव्य श्रीराम कथा के नवम दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका प्रियंका भारती ने लंका दहन, श्रीराम-हनुमान संवाद और धर्म विजय के प्रसंगों का ओजस्वी वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा में उन्होंने कहा कि लंका दहन केवल एक घटना नहीं, बल्कि अधर्म, अहंकार और अन्याय के अंत का प्रतीक है। श्रीराम और हनुमान के संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें सेवा, समर्पण और अहंकार का अभाव हो।कथा के दौरान "राम नाम सुखदायी", "मेरे राम आएंगे" और "जय हनुमान ज्ञान गुण सागर" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा परिसर "जय श्रीराम" के उद्घोषों से गूंज उठा और वातावरण राममय हो गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, जिला पंचायत सदस्य सहित नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता उपस्थित रहीं और साध्वी से आशीर्वाद लिया।कथा के समापन अवसर पर आज भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी, जबकि गुरुवार को निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।मनकामेश्वर महादेव मंदिर समिति ने बताया कि आयोजन में समाजसेवियों द्वारा गुप्त दान के माध्यम से सहयोग किया जा रहा है। कोई विवाह सामग्री, कोई वस्त्र तो कोई भंडारे की सामग्री भेंट कर रहा है। नपाअध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी निर्धन कन्याओं के विवाह सम्मेलन नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे और उन्हें पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। समापन पर देर रात संकीर्तन और आरती का वातावरण बना रहा।

### निरीक्षण, अध्यक्ष ने सुधार के निर्देश दिए

**चाचौड़ा-बीनागंज।** वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद राजेश खटीक एवं वार्डवासियों द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था संबंधी लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों एवं सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज की अध्यक्ष द्वारा अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा के साथ वार्ड का सघन निरीक्षण एवं जनसंपर्क किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना तथा जल आपूर्ति व्यवस्था में आ रही परेशानियों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्था में सुधार लाने एवं नियमित जल प्रदाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती राजेश्वरी गुलाब जादौन एवं नगर परिषद के उपयंत्री श्री दीपक किरार भी उपस्थित रहे।नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा कहा गया कि परिषद जनता की मूलभूत सुविधाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

